फैक्स सन्देश

संख्या रैव.ए(बी)15-30/2010-लूज
हिमाचल प्रदेश सरकार
राजस्व विभाग

प्रेषक,

अति0मुख्य सचिव एंव वितायुक्त(राजस्व)
हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला-2.

प्रेषित,

1. मण्डलायुक्त,
शिमला/मण्डी/कांगडा स्थित धर्मशाला,
हि0प्र0।
2. समस्त उपायुक्त, हिमाचल प्रदेश।

दिनांक, शिमला-171002 14.02.2019.

विषयः- 9वीं अन्तर उपायुक्त खेलकूद प्रतियोगिता जोकि दिनाँक 24.02.2019 से 26.02.2019 तक नाहन मे प्रस्तावित है, की स्वीकृति देने बारे प्रार्थना पत्र।

महोदय,

उपरोक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रधान, हि0प्र0राज्य उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी महासंध ने पत्र दिनाँक 06.02.2019 द्वारा सूचित किया है कि हिमाचल प्रदेश उपायुक्त कार्यालय कर्मचारियों की 9वीं अन्तर उपायुक्त खेलकूद प्रतियोगिता दिनाँक 24.02.2019 से 26.02.2019 तक नाहन मे की जानी प्रस्तावित है तथा अनुरोध किया कि उक्त प्रतियोगिता को आयोजित करने की स्वीकृति के साथ-साथ इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पक्ष में दिनाँक 23.02.2019 से 27.02.2019 तक विशेष अवकाश प्रदान करने की कृपा करें।

विषयगत मामलें का परीक्षण करने उपरान्त सरकार द्वारा दिनाँक 24.02.2019 से 26.02.2019 तक उक्त प्रतियोगिता को जिला नाहन में आयोजित करने व इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पक्ष में दिनाँक 23.02.2019 से 27.02.2019 तक विशेष अवकाश प्रदान करने की स्वीकृति इस शर्त पर प्रदान की जाती है कि उक्त प्रतियोगिता में होने वाला वित्तीय प्रभार संध द्वारा वहन किया जायेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि मामलें में तद्‌नुसार आगामी उंचित कार्रवाई अमल में लाने की कृपा करें।

भवदीय

(मिलाप चन्द)
अवर सचिव (राजस्व)
हिमाचल प्रदेश सरकार
दूरभाषः0177-2621070

पृष्ठांकन संख्याः यथोपरि दिनांक 14.02.2019.

प्रतिलिपि श्री राजेश शर्मा, प्रधान हि0प्र0राज्य उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी महासंध मार्फत उपायुक्त कार्यालय मण्डी, जिला मण्डी, हि0प्र0 को उनके पत्र संख्याः हि0प्र0उ0का0क0म0सं0/2019 दिनांक 06.02.2019 के सन्दर्भ में सूचनार्थ एवं आगामी कार्रवाई हेतु भेजी जाती है।

(मिलाप चन्द)
अवर सचिव (राजस्व)
हिमाचल प्रदेश सरकार
दूरभाषः0177-2621070

....